श्री चतुरानन मिश्र : हमने तो आपसे पहले ही कह दिया । ...(**व्यवधान**) वह तो पहले ही हमने कहा कि यह किसी देश को अधिकार नहीं है कि किसी देश को तोड़ने के सवाल पर वह किसी पंच को बुलावें । इसीलिए अमरीका या दूसरे लोग जो बोलते हैं कि हम मीडिएट करना चाहते हैं, हम भारत सरकार से चाहते थे कि स्पष्ट करें, प्रधान मंत्री ने कहा था कि जब वे अमरीका गए थे, पोर्टोरिको का हवाला देकर उन्होंने कहा था । वह तो विनम्र ढंग से बोलते हैं, लेकिन यह साफ ढंग से आपको कह देना चाहिये कि कोई देश टूटेगा, टुकड़ा होगा, इस पर कोई मीडिएशन की बात नहीं होगी और भारत इसको आखिरी खून का बूंद जब तक रहेगा तब तक कभी नहीं करेगा। इसलिये हमारी नीति साफ है। लेकिन जो एप्रोच होनी चाहिये, वह डिफरेंशिएटेड एप्रोच होनी चाहिए। तब बात उठेगी कि जो रैफ्यूजी हमारे यहां आए हुए हैं, वे कैसे घर लौटें । स्वतन्त्र काश्मीर वाले रिफ्यूजी को वापस चाहते हैं । हर बार आप रिपोर्ट लाते हैं, हर बार हमें रेफ्यूजीज के बारे में कहते हैं, किसी बार तो कहिए कि हमने इतना हल किया उसको तो आई.एस.आई. नहीं घेरे हुए है । रेफ्यूजी कैम्प को तो आतंकवादी नहीं घेरे हुए हैं, तो फिर वहां क्यों नहीं आप जाते, उसका निदान क्यों नहीं करते । अटर इनएफिशिएंसी, लिथारजी एण्ड करप्शन है, इस से फुर्सत दिलाइये, कहीं अगर दिलवा सकें, नहीं तो आप भी उसी के साथ चले जाइये।

दूसरी बात जो हम आपसे कहना चाहेंगे वह एक संविधान की समस्या है । काश्मीर का ऐसा इलाका है, कुछ इलाके के बारे में हमारे विरोधी दल के नेता ने चर्चा की जो इनफेस्टेट है मिलिटेंटों से और कुछ इलाका है कि जहां मिलिटेंट कमजोर हैं, तो जो कमजोर इलाका है उस पॉकेट को मजबूत करें और वहां कोई इस तरह का आल्टरनेटिव प्रशासन खड़ा कीजिए, कश्मीर गवर्नमेंट के बारे में हम लोग जानते हैं कि गवर्नमेंट करप्ट है । यह आज से नहीं, बहुत पहले से जानते हैं कि वह काम नहीं कर रही है । लेकिन विकल्प प्रशासन आप कैसे खड़ा कीजिएगा इसका एक उपाय था, या तो पंचायतों का इलैक्शन करवा करके रखिए या संविधान में कोई ऐसा प्रावधान रहता जिसके जरिए नियमानुसार स्थानीय प्रतिनिधियों की सलाहकार समितियों को सरकार डाइरेक्टली रुपया देती, जैसे पंचायतों को देती है और वे लोग निर्माण का काम करते हैं । लेकिन हमारे संविधान में इसकी गुंजाइश नहीं है और इसलिए यह नहीं हो पाता है । अविलम्ब कुछ वैकल्पिक प्रशासन व्यवस्था कर आतंकवादियों के कमजोर इलाके में जोरदार निर्माण कार्य कर लोगों को उसमें लगा दें ।

एक बात और हम आपको कहेंगे कि यह तो आप हर बार कहते हैं कि हम पाकिस्तान से बात करने के लिए तैयार हैं और वह कहता है कि हम बात नहीं करेंगे । तब एक तरफा तो बात नहीं होगी । कल भी राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में कहा कि हम तो बात करने के लिए तैयार हैं, वह बात करने के लिए तैयार नहीं है । हम चाहते हैं कि पाकिस्तान के साथ रिलेशंस को बैटर करने के लिए कोई फ्रैश एप्रोच हो । नहीं तो जहां पर थे वहीं पर रहेंगे । नहीं तो कम से कम, एक तो कर सकते हैं कि दोनों देशों के बुद्धिजीवियों की आपस में नॉन-आफिशियल टाईप की मीटिंग वगैरह आर्गेनाइज करवा करके एक-दूसरे के नजदीक हम लोग आ सकते हैं । आर्थिक सवालों पर आ सकते हैं या नहीं, या किस सवाल पर कर सकते हैं, तो इसके लिए फ्रैश इनीशिएटिव तो लेना चाहिए । क्योंकि यह पूरा साउथ-एशिया जो है उसकी सब से बड़ी समस्या पाकिस्तान और हमारे रिलेशंस हो गई है । इसीलिए हम आपसे अर्ज करेंगे कि इसके बारे में आप कोई फ्रैश इनीशिएटिव लीजिए जिससे इसको पूरा किया जा सके ।

[उपसभापति पीठासीन हुई]

अंत में, मैं यह कहना चाहूंगा कि जिन बिंदुओं पर हमने आपका ध्यान आकर्षित किया है उसको देखते हुए कुछ न्यू एप्रोच लीजिए । हर बार यह कहना कि चुनाव करा देंगे, एक मिनिस्टर कहते हैं कि करा देंगे, दूसरा कहता है कि नहीं करा देंगे, तो हम लोग सब समझते हैं कि दोनों असत्य कह रहे हैं । इस लिए आप ऐसा न कह कर एक कंक्रीट एप्रोच लीजिए जिसमें हम लोग कुछ कर सकें । मैं इस बात का पक्षधर हूं कि आपने जिनको जेल से रिहा किया है वह सही किया है । जो बाहर वालों को कश्मीर जाने दे रहे हैं वह अच्छी बात है, लेकिन मैं साथ ही साथ चाहता हूं कि दुनिया में हमारा प्रोपेगंडा इफेक्टिव हो कि हमारे देश को तोड़ने के लिए वह लोग ऐसा कर रहे हैं । लेकिन अभी तक हमारा दृष्टिकोण ऐसा नहीं कर पा रही है और न आप कोई रास्ता निकाल पा रहे हैं । इसलिए मैं चाहूंगा कि वर्ल्ड ओपिनियन आज के जमाने में एक बड़ी फोर्स बन गया है । चाहे अमरीका राजी हो या नहीं, लेकिन सिर्फ अमरीका तो दुनिया नहीं है । इसलिए इस पहलू पर आप अवश्य ध्यान दीजिए, यही मैं चाहूंगा । धन्यवाद ।

5 P.M.

THE DEPUTY CHAIRMAN. Now it is five o'clock. हम लोगों ने यह निर्णय लिया था कि 5 बजे खत्म कर देंगे, मगर जो निर्णय सुबह होते हैं, शाम तक पता नहीं कहां चले जाते हैं ?

श्री त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी : मैडम, वक्त जल्दी निकल जाता है ।

THE DEPUTY CHAIRMAN. I think so. Now we have got five speakers. I have to take the permission of the House हम लोग थोड़ी देर और बैठें, पांच-दस मिनिट में खत्मकर सकते हैं because here is not much anybody can add to the situation. I know that always the people who are speaking last suffer. My sympathies are with them.

श्री संघ प्रिय गौतम : मैडम, पांच स्पेशल मेंशंस भी हैं ।

THE DEPUTY CHAIRMAN: Five Special Mentions, and we have the Rules Committee thing also to be addressed. स्पेशल मेंशंस तो छोड़ दीजिए ।

SHRI H. HANUMANTHAPPA (Karanataka): A supplementary agenda also has been circulated.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Yes, because, if we don't lay it today, then it won't be applicable to the next session. So, that also we have to do

SHRI H. HANUMANTHAPPA: If the rules also have to be discussed....

THE DEPUTY CHAIRMAN. No, they are not to be discussed.

SHRI H. HANUMANTHAPPA: There is a motion to be moved by the Parliamentary Affairs Minister to approve them. Without a discussion, without even reading it, how can we approve it? If it can be taken in the next session, it is okay. If it has to be approved, sufficient time has to be given now, today.

श्री भुवनेश चतुर्वेदी : इसे तो खत्म करने दीजिए ।

श्री एच हनुमनतप्पा : इसीलिए मैं कह रहा हूं कि इसको खत्म कर दीजिए ।

SHRI JAGDISH PRASAD MATHUR (Uttar Pradesh): With the Rules Committee we cannot do like that. They have got to be studied and discussed in the House.

SHRI H. HANUMANTHAPPA: Exactly!

SHRI JAGDISH PRASAD MATHUR: Then, frankly, no; it is not possible. I do not know what they did, but I learn there are certain portions which I will not agree to.

SHRI H. HANUMANTHAPPA: That has to be discussed.

SHRI JAGDISH PRASAD MATHUR: Rules Committee motion cannot be taken for granted.

THE DEPUTY CHAIRMAN: It is entirely up to the House.

SHRI H. HANUMANTHAPPA: There is a motion to be approved.

SHRI JAGDISH PRASAD MATHUR: Let it be discussed in the next session.

DR. BIPLAB DASGUPTA: Next part of the session.

SHRI JAGDISH PRASAD MATHUR: Yes, next part of the session because, as I learn, it does impinge on the rights of the Members because certain portions are restrictive.

THE DEPUTY CHAIRMAN: All right, but it has to be laid on the Table. If it is not laid on the Table then we can't discuss it in the next session.

"ले" करने में आपको क्या आपत्ति है ?

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : आपत्ति है, आप डिस्कस नहीं करेंगे न। "ले" हो गया और खत्म हो गया।

उपसभापति : माथुर साहब, आप दूसरे की बात को सुनने की कोशिश करेंगे तो शायद यह आपको समझ में आ जाय । ...(**व्यवधान**)...

No, no, you don't know. Many things are introduced.

SHRI JAGDISH PRASAD MATHUR: Let us be clear. Is it a motion? Is the Government or somebody moving a motion or is it only placing it on the Table? If it is placing on the Table that means no discussion. If it is a resolution, then we should discuss it.

THE DEPUTY CHAIRMAN: There is a presentation of the report. ...(**व्यवधान**)... रिपोर्ट तो करने दीजिए माथुर साहब । The report of the Rules Committee can be presented to you, okay. Then the motion can be moved later. माथुर साहब, आपकी आदत हो गयी है, हर चीज के लिए...(**व्यवधान**)...

SHRI JAGDISH PRASAD MATHUR: It is written here, "Also to move 'That this House agrees with the recommendations...' "

THE DEPUTY CHAIRMAN: You don't do it. But at least the report has to be laid on the Table. It has to be read out. That you

won't object to? Don't you want the report of the Rules Committee to be laid on the Table?

SHRI JAGDISH PRASAD MATHUR: What I want to be assured is that it will be discussed and then passed.

THE DEPUTY CHAIRMAN: If anybody wants to pass it without discussion, did anybody utter that word? Not to my knowledge.

SHRI JAGDISH PRASAD MATHUR: It is written like this: "...to move the following motions...and also move 'That this House agrees with the recommendations contained in the Seventh Report of the Committee on Rules.' "

श्री एस० एस० अहलुवालिया : मैडम, पहले वाला काम खत्म कर लिया जाय, बाद में इसे लिया जाए।

श्री अजीत जोगी (मध्य प्रदेश) : माथुर साहब,... (व्यवधान)...

SHRI JAGDISH PRASAD MATHUR: Then let this House discuss it.

यह "एग्री" कहां से आ गया ? आप यह कहिए कि, "हाउस डिस्कस इट।" आप एग्री करा रहे हैं विदाउट डिस्कशन।

उपसभापति : माथुर साहब, आप सुनिए... (व्यवधान)...

SHRI JAGDISH PRASAD MATHUR: Don't try to mislead us.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Nobody is misleading you.

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : यह "एग्री" बर्ड कहां से आ गया ? आप यह कहिए कि, "हाउस टेक इंटू कंसिडरेशन।" ...(व्यवधान)...

THE DEPUTY CHAIRMAN: Under which rule are you speaking? ... (*Interruptions*)... Please sit down.

SHRI JAGDISH PRASAD MATHUR: No, Madam यह एग्री करा रहे हैं कि that this will not be moved. "That this House agrees" is the Motion. You say 'the House will take into consideration.'

श्री सिकन्दर बख्त : सदर साहिबा, यह एतराज इनका जो है वह बिल्कुल दुरुस्त है। अगर यह कोई सब्जेक्ट ऐसा है, जिसको डिस्कस किया जाना चाहिए तो कोई मैम्बर एतराज कर सकता है। जिस तरीके से यह मूव किया गया है, खाली जो इसका मुख्य का हिस्सा है–

†سری سکندر بخت : صدر صاحبہ۔
ایک اعتراض ان کا جو ہے وہ بالکل درست
ہے اگر یہ کوئی سبجیکٹ ایسا ہے جس کو
ڈسکس کیا جانا چاہیئے تو کوئی ممبر اعتراض
کر سکتا ہے جس طریقہ سے یہ موو کیا گیا
ہے وہ خالی جو اس کا شروع کا حصہ ہے۔

'that the Report be taken into consideration'. It should have stopped there. अगली लाइन है-

'and so to move that the House agrees with the recommendations'.

यह तो फेयर नहीं है बिल्कुल। बिल्कुल फेयर नहीं है।

noticeable improvement in the security situation in the State."

श्री ईश दत्त यादव (उत्तर प्रदेश) : आप ऊपर वाली लाइन तो पढ़ ही नहीं रहे हैं।...(व्यवधान)...

†[] Transliteration in Arabic Script.

श्री सिकन्दर बख्त : ऊपर वाली ठीक है। वहां आकर तो बात खत्म हो जानी चाहिए। . . . (**व्यवधान**) . . .

شری سکندر بخت: اُوپر والی ٹھیک ہے۔ وہاں آکر تو بات ختم ہو جانی چاہیئے۔ ... مداخلت ...

श्री ईश दत्त यादव : इसमें क्या आपत्ति है ? इसमें कोई पार्टी लाइन तो इन्वोल्व नहीं है। . . . (**व्यवधान**) . . .

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : पार्टी लाइन की बात नहीं है, इसीलिए तो कह रहे हैं। . . . (**व्यवधान**) . .

उपसभापति : माथुर साहब, प्लीज कभी-कभी तो चुप हो जाया कीजिए।

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : आप कभी-कभी तो बोलने नहीं देतीं हैं। . . . (**व्यवधान**) . . .

उपसभापति : बैठिए, बैठिए। अभी चुप हो जाइए। . . (**व्यवधान**) . .

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : आप अपनी बात कहकर हमें चुप करा देती हैं। (**व्यवधान**) . . .

THE DEPUTY CHAIRMAN: Now, please keep quiet. It is O.K. I am not permitting anything. Mr. Mathur, I do not want to strain my throat. It is already bad. We have not reached that stage. When that stage comes you can raise your objection. If it is against the rules, you raise that objection. I have also to take the sense of the House, whether we can sit beyond 5'o clock. That is most important. We have to pass the Resolution on Jammu and Kashmir. I would request everybody to be very precise and brief. Otherwise I will have to apply guillotine.

श्री के० आर० मलकानी (दिल्ली) : कब तक चलेगा यह हाउस ?

उपसभापति : जब तक यह मैटर खत्म नहीं होगा। . . . (**व्यवधान**) . . .

श्री के० आर० मलकानी : आखिर कुछ तो समय फिक्स होना चाहिए। . . . (**व्यवधान**) . . .

THE DEPUTY CHAIRMAN: I cannot say. If Mr. Mathur and you keep on interrupting, then we will be sitting all night.

श्री अजीत जोगी : अभी हंसे माथुर साहब, तो हमें बड़ी खुशी हुई। . . . (**व्यवधान**) . . .

श्री के० आर० मलकानी : फिक्स होना चाहिए कि कितनी देर चलना है ? . . (**व्यवधान**) . . .

THE DEPUTY CHAIRMAN: If you interrupt there will be delay. If you do not interrupt, then we will finish it early. वैसे मेरे लिहाज से 15 मिनट में खत्म होना चाहिए। the time which is written before me. बोलिए, मालवीय जी।

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : माननीय उपसभापति जी, जम्मू कश्मीर की जो शीतकालीन राजधानी है वह हर वर्ष जम्मू चली आती है। इस वर्ष जब 26 जनवरी को वहां राज्यपाल महोदय गणतंत्र दिवस पर झंडा फहरा रहे थे और जैसे ही झंडा फहराकर वह बोले कि हमने मिलिटेंसी की कमर तोड़कर रख दी है, वैसे ही वहां पर विस्फोट हुआ।

माननीय उपसभापति जी, भारत के इतिहास में आज तक कभी ऐसा नहीं हुआ कि गणतंत्र दिवस की परेड पर, जब किसी प्रदेश का राज्यपाल झंडा फहरा रहा हो राजधानी में, इस प्रकार का विस्फोट हुआ हो। आज जब भुवनेश चतुर्वेदी जी, जो यहां प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री हैं, राज्यपाल महोदय की रिपोर्ट पढ़ रहे थे तो उनका उद्धरण सुनकर आश्चर्य हुआ, जिसमें राज्यपाल महोदय ने भारत सरकार को कहा है कि–

"On account of the sustained operations of the security forces, the militants have been brought under significant pressure and there is a noticeable improvement in the security situation in the State."

माननीय उपसभापति जी, यह बिल्कुल विरोधाभास है और यह घटना भी ऐसे समय में हुई, जब 4 नवम्बर, 1994 को प्रधान मंत्री महोदय ने जम्मू और कश्मीर का मामला अपने हाथ में लिया था और इसलिए भी इस घटना की जो गंभीरता है उसको हमें नहीं भूलना चाहिए। अभी चतुरानन मिश्र जी और मुफ्ती मोहम्मद सईद जी ने भी इस ओर ध्यान आकर्षित किया था कि जम्मू और कश्मीर की जो जनता है, जो वहां के रहने वाले लोग हैं वह राष्ट्र की मुख्यधारा में अपने आपको अब जोड़ रहे हैं और जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। यह बहुत ही अच्छा कदम है, बहुत ही अनुकूल वातावरण है। फिर भी वहां जो घटनायें घटित हो रही हैं, वह दुखद हैं। जम्मू और कश्मीर में आज विधानसभा नहीं है। सन् 1991 में सारे देश में जनगणना का काम हुआ, लेकिन जम्मू-कश्मीर में किन्हीं कारणों से जनगणना नहीं हो पाई। लोक सभा में उनका कोई प्रतिनिधि नहीं है, इस राज्य सभा में भी उनका कोई प्रतिनिधि नहीं है। इसलिए जहां सरकार चाहती है, वहीं सभी लोग भी चाहते हैं कि वहां की जो राजनीतिक प्रक्रिया है, वह बहाल हो, लेकिन राजनीतिक प्रक्रिया बहाल कैसे होगी क्योंकि वहां पर कोई भी राजनीतिक गतिविधियां नहीं हो पा रही हैं। जो राजनीतिक दल हैं, राष्ट्रीय पार्टी के या जो क्षेत्रीय राजनीतिक दल हैं जम्मू-कश्मीर के, उनका कोई भी पार्टिसिपेशन वहां की गतिविधियों में नहीं है। इसलिए भारत सरकार से और राज्य मंत्री जी से मेरा अनुरोध है कि इस संबंध में केन्द्रीय स्तर पर जो प्रमुख राजनीतिक पार्टियां हैं और उसमें अगर आप चाहें तो कुछ प्रमुख लोगों को भी आप जोड़ लीजिए, केन्द्रीय स्तर पर एक राष्ट्रीय सलाहकार परिषद का गठन होना चाहिए और जिसकी कम से कम एक महीने में बैठक ही न हो बल्कि जो राज्य की गतिविधियां हैं उन गतिविधियों के बारे में जानकारी वहां कराई जाए। होता यही है कि कोई मसला हुआ गंभीर तो साल, छः महीने में एक बार कुछ सांसदों की या संसद के नेताओं की एक बैठक बुला ली जाती है, गृह मंत्री जी वहां की घटनाओं के बारे में अवगत करा देते है और उसके बाद वहां का मामला फिर टांय-टांय फिस्स हो जाता है।

दूसरे वहां पर फर्जी मुठभेड़ें भी होती हैं, यह बात बिल्कुल सही है और आतंकवादियों के नाम पर या मिलिटेंसी को खत्म करने के नाम पर वहां पर कभी-कभार फर्जी एनकाउंटर हो जाते हैं। इस देश में किसी भी नागरिक के लिए मरने का केवल एक यही तरीका है कि या तो उसकी नेचुरल मृत्यु हो या अदालत उसको फांसी की सजा दे और इस देश में चूंकि कानून का राज है तो कम से कम फर्जी एनकाउंटर को सरकार को रोकना चाहिए और मिलिटेंसी को आप कानून के जरिए रोकिए, लेकिन फर्जी एनकाउंटर करके, लोगों के मन में भय और डर पैदा करके आप वहां के जो लोग हैं, उनको आप राष्ट्र की मुख्य धारा में नहीं जोड़ सकते हैं।

तीसरे, जो अनुच्छेद 370 है, यह इस देश की या संविधान की एक ऐतिहासिक आवश्यकता है और भारतीय जनता पार्टी के लोगों से मैं अपील करना चाहूंगा कि जो बार-बार उस दल के नेता यह मांग करते हैं कि अनुच्छेद 370 समाप्त होना चाहिए, उसे छोड़ दें। ... (**व्यवधान**) ...

SHRI RAM JETHMALANI (Maharashtra): Madam Deputy Chairman, we are being disturbed.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Mathurji, you are disturbing me here also.

श्री स.य प्रकाश मालवीय : तो मैं निवेदन करना चाहता हूं कि अनुच्छेद 370 जो है, वह चालू रहना चाहिए।

जम्मू-कश्मीर के संबंध में मेरी समझ में इस भारत सरकार द्वारा आज तक तीन बहुत बड़ी गल्तियां हुई हैं, जिनको मैं

हिमालयन ब्लंडर कहता हूं। एक, 1953 में वहां के तत्कालीन मुख्य मंत्री शेख साहब की गिरफ्तारी। दूसरे, आज से चार या पांच साल पहले जो वहां की विधिवत सरकार थी, वहां के मुख्य मंत्री थे श्री फारूख अब्दुल्ला, वहां पर उनकी सरकार को बर्खास्त करना।

उपसभापति : मालवीय जी, अगर हम इतना पीछे हिस्टरी में जायेंगे तो रात भर बैठना पड़ेगा।

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : सारे देश को भुगतना पड़ रहा है। गल्तियां कोई करे, भुगतें हम ?

उपसभापति : मालवीय जी, गल्तियों की सदियों ने सजा पाई है।

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : इसमें वैसी गलती नहीं होनी चाहिए।

मैं इसमें एक सुझाव फिर से दोहराना चाहूंगा जो कि मैं शुरू में कह चुका हूं कि प्रधान मंत्री ने चूंकि वह मंत्रालय अपने हाथ में ले लिया है, वे कांग्रेस के प्रेजीडेंस भी हैं, प्रधान मंत्री भी हैं, चुनाव प्रचार भी करेंगे और उनके प्रधान मंत्री कार्यालय में रहते हुये 26 जनवरी को वहां घटना हो गई है, इसलिये प्रधान मंत्री जी को इस मामले में पहल करनी चाहिये। आज जब यहां पर बहस हो रही है, प्रधान मंत्री वहां मौजूद नहीं हैं, क्यों मौजूद नहीं हैं। प्रधान मंत्री यहां पर मौजूद क्यों नहीं हैं ? प्रधान मंत्री ने कार्यालय अपने हाथ में ले लिया, प्रधान मंत्री ने जम्मू-कश्मीर का मसला अपने हाथ में ले लिया है, फिर भी प्रधान मंत्री सदन की उपेक्षा कर रहे हैं। क्यों नहीं आये प्रधान मंत्री यहां पर ? इस लिये मैं कहना चाहता हूं कि जम्मू-कश्मीर के मामले में इस सारे विषय को प्रधान मंत्री गंभीरता से नहीं ले रहे हैं, उनको इस विषय को गंभीरता से लेना चाहिये और एक राष्ट्रीय परिषद का गठन करना चाहिये।

इन्हीं शब्दों के साथ, जो भुवनेश चतुर्वेदी जी का प्रस्ताव है, उसमें मेरा एक संशोधन है, मैं बाद में बोलूंगा।

उपसभापति : नहीं आप बोल दीजिये अभी।

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : उपसभापति जी, दोनों में विरोधाभास है। एक ओर उन्होंने कहा कि वहां पर हालात में सुधार हो रहा है और दूसरी ओर वहां चुनाव नहीं कराये जा रहे हैं। जब हालात में सुधार हो रहा है तो चुनाव कराये जाने चाहिये, यही विरोधाभास है।

उपसभापति : ईश दत्त जी आपके लिये तीन मिनट हैं।

श्री ईश दत्त यादव : मैडम, हमारे पर ही क्यों प्रतिबंध लगाया जाता है। मैडम, इसके लिये अगर शुरू से ही प्रयास किया जाता और सब लोग सीमित समय में बोल लेते, जब हम लोग अंतिम व्यक्ति बचते हैं तो हमारे लिये सीमा निर्धारित हो जाती है, फिर भी मैडम, मैं आपकी आज्ञा को शिरोधार्य करता हूं और प्रयास करूंगा कि तीन मिनट में ही अपनी बात को समाप्त करूंगा। तीन मिनट में ही प्रयास करूंगा कि अपनी बात समाप्त करूं। मैडम, कश्मीर में राष्ट्रपति शासन की अवधि बढ़ाने के लिये जो संकल्प प्रस्तुत किया गया है, मैं विवशतावश उसका समर्थन कर रहा हूं क्योंकि अगर समर्थन न करूं मैडम तो ... (**व्यवधान**) ...

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : आप समर्थन वापस ले लीजिये।

श्री ईश दत्त यादव : माननीय मालवीय जी किसी गलतफहमी में हैं। हम किसी समर्थन के भय से समर्थन नहीं कर रहे हैं। यह जो देशहित में है, जो राष्ट्र-हित में है, इसलिये मैं माननीय मालवीय जी की बहुत रिस्पेक्ट करता हूं।

[श्री ईश दत्त यादव]

मैं इनसे कहना चाहूंगा कि हमें कांग्रेस के समर्थन की आवश्यकता नहीं है। न उनसे हमारा कोई भय है। जो देशहित में है, राष्ट्रहित में है, उसी बात को मैं निवेदन कर रहा हूं क्योंकि अगर समर्थन न किया जाय इस संकल्प का तो देश के सामने एक संवैधानिक संकट खड़ा हो जायेगा और सरकार के किए भी कम समय में चुनाव कराना एक समस्या हो जायेगा लेकिन... (**व्यवधान**)...

श्री राजनाथ सिंह (उत्तर प्रदेश) : कांग्रेस का डायरेक्ट सपोर्ट है।

श्री ईश दत्त यादव : आप चिंता मत करें। पूरा राष्ट्र मुलायम सिंह की नीतियों का और समाजवादी पार्टी का समर्थन करेगा।

THE DEPUTY CHAIRMAN: We are not discussing Mulayam Singh Yadav's Government here.

श्री ईश दत्त यादव : वे नीतियां सही हैं इसलिये माननीय राजनाथ जी, आप इसके लिये चिंतित न हों।

उपसभापति : ईश दत्त जी, आप एक मिनट में खत्म कीजिये।

श्री ईश दत्त यादव : मैडम, मैं समय नहीं लूंगा। मुझे अगर ये लोग हस्तक्षेप न करें तो मैं तीन मिनट के अन्दर समाप्त करने वाला हूं। मैडम कश्मीर में स्थिति सामान्य नहीं हो रही है और वहां चुनाव भी नहीं हो रहे हैं। मेरी राय है और मैं समझता हूं कि राष्ट्र के अनेक लोगों की राय होगी कि इसके लिये दो आदमी जिम्मेदार हैं। एक तो कांग्रेस पार्टी की सरकार और दूसरे कश्मीर में जो सरकारी अधिकारी और कर्मचारी हैं। सरकार इस चिंता में है कि अगर वहां कोई सरकार बन जायेगी तो उनकी जो लूट-खसोट है, वह बन्द हो जायेगी। इसलिये मैं समझता हूं कि ये दो लोग कश्मीर की स्थिति को न तो सामान्य होने देना चाहते हैं और न कश्मीर में ये लोग चुनाव कराना चाहते है। मैडम, यह कश्मीर की समस्या एक राष्ट्रीय समस्या है, इस पर सरकार ने कभी गंभीरता से विचार नहीं किया और न तो वहां के हालात में परिवर्तन करने के बारे में कोई इच्छा शक्ति बनाई। हां, एक परिवर्तन जरूर हमें नजर आ रहा है। पहले जब कश्मीर के लिये राष्ट्रीय शासन की अवधि बढ़ाने के लिये संकल्प आता था तो उसको गृह मंत्री जी प्रस्तुत करते थे, लेकिन अब परिवर्तन आ गया कि श्री भुवनेश चतुर्वेदी जी प्रधान मंत्री की ओर से इसको प्रस्तुत कर रहे हैं। ये इन लोगों का सरकार का व्यक्तिगत मामला है, मैं उसमें जाना नहीं चाहता कि राजेश पायलट जी क्या कहते हैं, चव्हाण साहब क्या कहते हैं, प्रधान मंत्री जी क्या कहते हैं लेकिन सरकार को इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिये। यह राष्ट्रीय संकट का प्रश्न है, राष्ट्रीय गंभीर समस्या है, इस पर सरकार को विचार करना चाहिये। आज कश्मीर के लोगों की आर्थिक स्थिति में कोई बदलाव नहीं आया। जब देश आजाद हुआ तो मैडम, उस समय कश्मीर के बहुसंख्यक लोग इस देश के साथ संबंध रखना चाहते थे, इस देश में विलीन होना चाहते थे, इस देश के प्रति उनकी हानुभूति और हमदर्दी थी लेकिन आज क्या स्थिति है मैडम ? उस समय जो कश्मीरी पंडित लोग थे कश्मीर के अन्दर सारे उद्योग-धंधे, खेती, बगीचे, हलधर पेड़, सब उनके थे। जो हमारे यहां अकलियत के लोग हों, मुसलमान भाई हों, दूसरे पिछड़े वर्ग के लोग हों, हरीब लोग हों, आज उनकी स्थिति क्या है? मैं आपके माध्यम से माननीय भुवनेश चतुर्वेदी जी से यह जानना चाहूंगा कि जब आप अपना उत्तर दें तो आप यह प्रयास करें उत्तर देने का कि आपकी सरकार ने कश्मीर के लोगों की आर्थिक स्थिति में सुधार लाने के लिये क्या प्रयास किया है और अगर नहीं प्रयास किया तो यहां के हालात में कोई तबदीली लाने के लिए आप अपेक्षा न करें।

मैं दूसरा निवेदन करना चाहता हूं, मैडम, कि कश्मीर के लोगों को विश्वास

में लेना पड़ेगा, उनके दिलों को जीतना पड़ेगा । आज सरकार उनका विश्वास प्राप्त नहीं कर सकी । अभी 11 जनवरी को बी०एस०एफ० के दो जवानों को उग्रवादियों ने भून दिया। गोलियों से मार डाला उनको और वहां क्या किया गया दो बी.एस.एफ. के जवानों की हत्या के बदले में ? पांच बेगुनाह लोगों को जो चाय की दुकान पर बैठे थे, मैंने अखबार में पढ़ा, उनको पकड़ा गया और उनको गोलियों से भून दिया गया । अगर सरकार का यही रवैया रहा, वहां के अधिकारियों और प्रशासन का यही रवैया रहा तो आप कश्मीर की जनता का विश्वास प्राप्त नहीं कर सकते। सबसे अहम बात है कि कश्मीर की जनता का सरकार विश्वास प्राप्त करे। अंतिम बात, मैडम, में यह कहना चाहता हूं, मैंने वायदा किया था तीन मिनट में समाप्त करने के लिये । सभी माननीय सदस्यों ने यह सुझाव दिया है कि आप इसका राजनीतिक हल ढूंढें। सरकार ने आज तक राजनीतिक हल ढूंढने का कोई प्रयास नहीं किया । आप केन्द्र स्तर पर, देश स्तर पर सभी जो पार्टियां हैं उन पार्टी के लीडर्स की आप बैठक बुलायें । इनसे राय लें, इनसे मशविरा लें । केवल बैठक बुलाकर के उसको खत्म नहीं कर दिया करें । जो सभी दलों के नेताओं की राय है, उस राय पर आप अमल करें । कश्मीर में जो राजनीतिक दल हैं, उन दलों के नेताओं की आप बैठक बुलायें । उनकी राय को लें कि कश्मीर की समस्या का हल किस तरह से होगा? कश्मीर की समस्या का निराकरण कैसे होगा ? कश्मीर में सामान्य स्थिति कैसे पैदा हो सकेगी ? अगर सरकार की इच्छा शक्ति बन जाय, मैं समझता हूं कि यह कोई बड़ा काम नहीं है । लेकिन माननीय भुवनेश चतुर्वेदी जी से निवेदन करना चाहूंगा कि आप की सरकार की आज तक कोई इच्छा शक्ति नहीं बन सकी कि कश्मीर में सामान्य स्थिति पैदा की जाये, कश्मीर में चुनाव कराये जायें । . . . (व्यवधान)

आप इशारा न करें, मैं सारी स्थिति को जानता हूं । आपने कभी मन नहीं बनाया । आप केवल फर्ज अदायगी करते हैं । इसलिये मैं अन्त में आपसे कहना चाहता हूं, कोई लंबा भाषण नहीं करना चाहता । सभी माननीय सदस्यों ने जो विचार प्रकट किये हैं, मैं निवेदन करना चाहता हूं कि इच्छा शक्ति बनाइये । सरकार इच्छा शक्ति बनाये और इसका राजनीतिक हल ढूंढने की कोशिश कीजिये और कोशिश करिये कि जल्दी से जल्दी कश्मीर में सामान्य स्थिति हो जाये ताकि वहां चुनाव कराये जा सकें । क्योंकि चुनाव तो आपने आसाम में करा दिया बन्दूक की नोक पर, आपने पंजाब में चुनाव कराये । मिजोरम में चुनाव कराये । जब चुनाव हो जाते हैं वहां लोकप्रिय सरकार बनती है तो समस्या अपने आप हल हो जाती है । इसलिये जितना जल्दी हो सके आप चुनाव कराइये ताकि कश्मीर में एक लोकप्रिय सरकार बने । हो सकता है कि आपके मन के माफिक सरकार न बने । किसी की भी सरकार बने, वह सरकार बनने दीजिये । वह सरकार वहां की स्थिति में सुधार लायेगी ।

इन्हीं शब्दों के साथ, आपने जो संकल्प प्रस्तुत किया है, मैं इसका किसी दबाव से नहीं जैसा मालवीय जी ने कहा है, राष्ट्रहित में और देश हित में और देश की एकता और अखंडता के लिये, हृदय से समर्थन करता हूं । बहुत-बहुत धन्यवाद ।

THE DEPUTY CHAIRMAN: I have three more speakers but there are only six minutes for the three speakers. Shri Jagmohan.

SHRI JAGMOHAN (NOMINATED): Madam, you may have to give some bonus for patience which we have exercised. I have seven points to make but I will make only one point because of paucity of time.

As usual, it is an exercise of old vices which flow over Govt. mind like a dry wind over dry grass or

pass over like rats' feet over broken glass having little or no effect on the wasteland. The old head-piece remains, the old ideas remain and in fact everything remains the same. I have these day heard quite often that the mood of the people in the state has changed. But the crucial issue is whether the Government attitude has changed, whether the Government mood as changed, whether the Government wayward thinking has changed and whether the Government actions have acquired some focus, some sense of direction and some sense of purpose.

Winston Churchill once remarked about Soviet Russia that it was a riddle wrapped in mystery inside an enigma. I would term this a little and say that the Government policy is nothing but casualness, wrapped in confusion and confusion wrapped in illusions. You may notice that there is no clarity in whatever Govt. does. For the last five, six years, these has been no direction and what Benazir Bhutto is doing her approach is one of callousness, wrapped in communalism, wrapped in bloodshed and terrorism.

In between this casualness of our Govt. and callousness of Benazir's Govt. it is the Kashmiri poor, who is suffering, who is having a very bad time, who is being made a cannon fodder by the Pakistanis and who is being fed with the story that his identity is being destroyyed, his religion is being destroyed and nobody wants to tell him that his real identity is poverty. his real identity is ignorance, his real identity is disease. It is these identities which we have to fight and not the so-called ethanic identity. We have never understood the anthropological colonialism, dividing the people into various groups. I have heard: "Give autonomy to Kashmir." What do you mean by "giving autonomy to Kashmir"? Kashmir hasn't got the autonomy? It has got the autonomy. Has anybody defined yet what type of autonomy they want? Is it only the Kashmiri identity that matters? What about the Rajput identity? What about the identity of the people living in Kargil? What about the identity of the people living in Ladakh? What about the people living in the mountainous areas Gujars, Bakarwals and all those types? And nobody understands, even you do not understand, the Kashmir problem. And it is not one identity, it is many. We should understand this. Unfortunately, in spite of so many things that have taken place, I find that this confusion wrapped in casualness contirues. The latest example of this confusion is allowing Maulana Maulvi Umar Farooq and Shri Ghulam Abbas Ansari to go to the OIC. What for did they go there? Had the Government any clarity about it? Only a few months ago they did not allow some people to go to to Haj, the same Hurriyat people. They did not allow Gilani to go there, they did not allow somebody else to go there. But what has suddenly changed? ... *(Interruptions)* ... I am making only new points. I will finish by making only one point but I think two minutes is too small a time for anybody to speak when the total time for the debate has been two-and-a-half hours! ... *(Interruptions)* ... But, anybody I have promised that I would make only one point if you would permit me. I am not interested in speaking if you do not want me to speak. The only point that I am making is: what was intended to be achieved by this person? It is only an example. I am giving only one example of the confusion. They went there. They were received. Mr. Bhim Singh, Panther Party Chairman, was there. He issued a press statement, indicating how Prince Abdullah, you know, fed their

[Shri Jagmohan]

egoism. How were they taken as great representatives of the people of Kashmir? How were they the representatives of the people of Kashmir and what has the Government done? They have widened the scope of foreign intervention in Kashmir. Did they realise, when they allowed them to go, what happened? Mrs. Benazir Bhutto today goes on saying, "The moral and material support of Mrs Benazir Bhutto is not sufficient. Now, you want moral and material support to be given from Saudi Arabia and from other countries also!" Benazir Bhutto still talks of Jagmohan, Jagmohan; "Thagmohan कर दिया इसको हमने Have you ever realised why she still said so? While she is still suffering from the night mare when I left the State four years back, that, in my view, is the greatest vindication of my stand, because she knew that I understood what was intended to be done. She wants internal subversion, she wants civil administration not to be costructive she wants an ISI game to be played. I have heard that you want people to be helped. But unless you take action against the people, unless you have a clear policy, nothing will happen. If you go on doing this, what impact has this visit on the local people? You just take the incidents after the 15th December. When the Casablanca Conference took place, you see how much morale of the militants had been raised in Kashmir by this bomb blast of 26th January? Immediately thereafter, an Army Office was blown up by a device which is so sophisticated, which is so strong that the weapon carrier went up 50 mtrs. high and eleven officers died on the spot. And immediately after that, the Ram Nagar incident took place. There are many other incidents. I have got eleven. But if you do not give me time and you do not want to listen to the facts, then I will have to keep quiet. But the fact remains that it is all confusion, it is all casualness, it is all lack of direction, and that is why after every six months you have repeat the same story. The fact that you have to demonstrate you will, you have to take action against the defaulters; otherwise, who will come to you?

Everybody knows that if we go against the Government, nothing will happen. But if you go against the militants, you will die. Under these circumstances, what political process can you start? Who will come with you? Who will respond to your gesture? Nobod will respond to your gesture. You are living in a state of illusion. I don't want to use harsh words. The basic thing is that is wishful thinking. When you don't want to do that, you have to make a clear policy and you have to have a consistent policy. I have already stated that 140 officials of the paramilitary forces have been punished. Some of them were dismissed and jailed. Nobody wants to say that if anybody has done something wrong he should not be punished. But I want to ask: How many militants have involved in the killings? Have you arrested and prosecuted the kidnappers of Rubaiya Sayeed? Or, have you punished the murderers of four IAF officers? Have you taken action against those people who blew off the DIG's office or the DG's office two years ago on the Republic Day? Naturally, when you don't take action against those who blew off the Director General's office in which so many people were killed, what is to be done? (TIME BELL RINGS) ..Anyway you rang the bell. My point is that you have to take Benazir Bhutto seriously. She has got her own compulsions. She will go on feeding them. They said that the mood had changed. Where has the mood changed? The change is only in the choice between pro-Pakistan and independent Kashmir. There are a large number of forces which are only taking India to a third option. With all the responsibility I accuse the Government of India of playing into the hands of those forces. There is not one action

alone. There are many actions. You don't want to give me time. But I can prove that the Government of India itself is moving towards that third option. If they have the royal people to go to Washington, they will give royal treatment to those people who are talking in terms of *azadi*. They have given royal treatment and royal passage to those people who have gone to Casablanca. In my opinion, ultimately you don't know the American mind. They are leading you up the garden path and they have already taken you 99 per cent towards that path. Tomorrow when they will tell you, "Sit with us on the table", you give into them. What do you mean by autonomy? You give them everything else you take. You keep Kashmir, give no money! If you give the money, the rest is all with you and not with them. What is our clarity? What is our mind? Have we ever applied our mind to it? We say, "We shall meet. We should have an all-party meet." But nobody has applied his mind. The all-party meeting will not help bring peace at all. You have to see the situation as it exists on the ground. You have to have your own strength. You don't have your own strength at all. You go on changing the Chief Secretaries, those people who have signed the memorandum in the United Nations. They are the Chief Secretaries. The Commissioner who says, "I will not co-operate in the Amarnath Yatra; I will not make electoral rolls", is sent abroad for training! Under this type of attitude I don't know which Government can solve the Kashmir problem. It is not only the Kashmir problem but with this attitude you will create many more problems also. I have many more points. I don't want to make them since you have already rung the bell a number of times. I would request, at least, let me circulate my notes because I have done the labour to write them. I have given me some notes.

SHRI SANGH PRIYA GAUTAM: Madam, give him five more minutes.

THE DEPUTY CHAIRMAN: I am sorry

अगर आपको यह एहसास था कि मिस्टर जगमोहन अच्छा बोलते हैं तो आप अपनी पार्टी की तरफ से थोड़ा टाइम उनको दे देते, दूसरे लोग अपने टाइम से में थोड़ा टाइम दिये होते तो ठीक था।

Everybody took time in excess of that was allotted to him and at the tag end of the day you sir the Chair to give him time?

श्री संघ प्रिय गौतम : मैडम, अगर हम 5.30 बजे तक बैठ सकते हैं तो 6.30 बजे तक भी बैठ सकते हैं।

श्री मोहम्मद मसूद खान (उत्तर प्रदेश): क्यों बैठ सकते हैं 6.30 बजे तक। 6.30, 7.30, 8.30 तक क्यों बैठें ?

श्री राजनाथ सिंह: : महोदया, मेरा नाम भी है।

उपसभापति : नाम से कुछ भी नहीं होता।

You don't know the rules of the House.

आपका नाम था।

श्री राजनाथ सिंह : मेरा नाम भी बोलने वालों की सूची में है। मैं चाहूंगा कि मेरा समय जगमोहन जी को दे दिया जाये।

THE DEPUTY CHAIRMAN: I will tell you one thing. It is not a question of your sending your name to the Chair. It is a question of the time that every party is allotted and Mr. Sikander Bakht took the time which was allotted to your party and also in exness of it. From where are you going to give time? Time is not in my hands and I cannot stretch it. Mr. Jagmohan, Mr. Jethmalani and Mr. Bhupinder Singh Mann, their names came to me and they have six minutes' time which is of their UPG. How can I allow all the UPG Mem-

[The Deputy Chairman]

bers to speak on a subject? This House has certain rules. There is a certain tradition which we have to follow. I said that I did not mind sitting here the whole night. But everyone should have consideration for others. At the fag end of the day you want Mr. Jagmohan to go on speaking. Everybody was speaking for a very long time.. (*interruptions*)... Now, Shri Ram Jethmalani.

श्री राजनाथ सिंह : अपने टाइम से ज्यादा कई माननीय सदस्यों ने विचार व्यक्त किया है ।

उपसभापति : जब भी चेयर पर बैठे हुए लोग घंटी बजाते है तो आप लोग चुप नहीं होते । फिर बाद में पांच-दस मिनट ज्यादा की मांग करते हैं ।

श्री संघ प्रिय गौतम : जगमोहन जी को पांच मिनट और दे दीजिये ।

उपसभापति : आइंडा दे दूंगी, आपके टाइम में से काट कर ।

श्री संघ प्रिय गौतम : मैं तो जम्मू-कश्मीर पर कह रहा हूं ।

SHRI RAM JETHMALANI: Madam, the matter which we are discussing is too serious and to confine any speaker to two minutes, I think, is to show lack of seriousness for the subject. If I am to be confined to two or three minutes and hear your bells again and again I will not speak in protest. Thank you.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Good. Shri Bhupinder Singh Mann, not there. Now the Minister.

SHRI BHUVNESH CHATURVEDI: Madam, Deputy Chairman, we are grateful to the hon. Members who have showered wisdom and who have supported us. We are grateful to each and every Member for having extended his support may be, reservedly, but they have extended their support to the resolution. Therefore, there is no difficulty in passing it. But, at the same time, I would like to clarify certain things which the hon. Members have raised. We agree, the Government agrees, that it is a national issue. We want a national consensus on Kashmir. Eardier Prime Ministers and Home Ministers had several meetings with the leaders of the Opposition. They have very generously and wisely extended their support. I can assure all the Members of the Opposition that the Home Minister will hold a meeting with the leaders of the Opposition and if needed, the Prime Minister will also invite the Opposition Leaders for discussions and seek enlightenment from them. But, at the same time, we would request the Members of the Opposition parties not to take a party line. We expect them to take a national line and not a party line whenever they are invited by the Home Minister or the Prime Minister. We agree and we have never said and never claimed that normalcy has been established. That is why we are here today to request the House to extend the President's rule. But, at the same time, I will have to clarify two — three points. I will not take much time I can speak in two minutes. The Government is fully convinced of transparency. That is why we have invited representatives of various countries, organisations and ambassadors and other people to visit Kashmir. That is how we wish to assert that there is transparency in our policies and we have no objection to inviting people to see it for themselves. At the same time, we assure that as soon as normalcy is established, we will start the election process. But the political process which our friends have suggested has already started in Kashmir. There is only one issue in Kashmir's that is either they speak for elections or they speak against elections, but they talk about elec-

ctions. And, that is why, the political process, in a sense, has started. As regards the question of mediation or international observers in elections, I must submit emphatically that there is no question of mediation; there is no question of international observers. I can assure that. As regards autonomy and other things which the Members have raised, I can only say that the issues concerning autonomy or the relations of the Centre with the States will certainly be discussed. It will be discussed. We welcome any discussion whenever a popular Government is established there. We deeply admire the approach of Mufti Saheb. It is impossible to disagree with him on these issues. We totally support the line which he has taken. But, at the same time, our friend, whom the people think is an expert on Kashmir, should think in retrospect that his certain indiscreet steps had created the situation which we are now facing. And we are now trying to solve this. Madam, I don't think I should dwell at length because we have been debating this issue. I don't think any hon. Member, especially the Leader of the Opposition, raised any objection to passing this Resolution. The Leader of the Opposition just wanted this statement to have the catalogue of incidents. A statement cannot have the catalogue of incidents. It has been made to support the Resolution which the Government has brought forward.

I thank everybody for coming forward to support this Resolution. Thank you, Madam.

SHRI INDER KUMAR GUJRAL (Bihar): Madam, can you kindly give me a minute? Madam, I am drawing your attention for a minute. Madam, I have heard my friend, the hon. Minister, with a great deal of attention. I was also a part of the debate which, I think, has been helpful so far as the Resolution goes. While passing the Resolution, the hon. Minister made one statement and that is that there is no question of international observers coming when elections are held. I think that this is an issue on which we should give a second thinking. I am supporting the Government not only in the United Nations but everywhere. Let us keep one thing in mind. Why are we going to hold elections? It is for two reasons; one, of course, we want to have a democratic Government; correctly so. It is also that we want to make it very transparent to the world that elections are free and fair. It is not because we have anything to hide. Ours is an open society. I totally endorse that. But, at the same time, some situation arises when some steps must be thought over. When a delegation comprising the Members of Parliament of U.K. came, I was also one of those who were invited, like the Leader of the Opposition, to talk to them. The delegation went to Kashmir. They were very impressed by what the Centre was doing there. They were very happy with the type of steps that the Government is taking. They not at all got sold to the militants or to the anti-India propaganda. And when they came back, the met some of us including the Leader of the Opposition and they raised one point which I think we must think over. They were talking as friends of India. It was that if elections were held and if they were there or somebody else was there, they would be able to tell the world as a whole that elections were free and fair And if the militants stopped the process, which they might. We heard them say that if militants try to create difficulties the world will give its opinion against this, it would be in our favour. Therefore, I am not saying anything against the Gov-

ernment nor am I opposing the Resolution. But I am saying, with all humility and with some background that I have, both in the national and international affairs, that the Government may kindly think it over. I said, at that time, in the presence of a Minister,— Madam, you were also present— in our sub-continent in all recent elections outside observers were there and were found helpful for the host Governments. I was one of the observers in Pakistan elections in 1993. I think it helped the Pakistan Government a great deal when 40 of us from South Asia, who were present there, said that elections were free and fair. Therefore, I am not asking the hon. Minister to make any commitment here, nor am I asking him to stand up say something. I would only urge him with all humility to give it a thought.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Satya Prakash Malaviyaji, you have given the amendment. Do you want to press it?

SHRI SATYA PRAKASH MALAVIYA: I don't press it, I withdraw it.

The amendment was, by leave withdrawn.

THE DEPUTY CHAIRMAN: The question is:

That this House approves the continuance in force of the Proclamation issued by the President on the 18th July, 1990 under article 356 of the Constitution in relation to the State of Jammu and Kashmir, for a further period beyond 2nd March, 1995 till 17th July, 1995.

The motion was adopted.

REPORT OF THE COMMITTEE ON RULES

THE DEPUTY CHAIRMAN: I am presenting the Report. But, I don't think I will read the whole four page Report.

You can read it. So, with the permission of the House, I am presenting the Report of the Committee on Rules, which would be taken into consideration in the next part of the session.

Now, we have five Special Mentions.

SHRI SATYA PRAKASH MALAVIYA: Madam, please take them up on 14th March, (*Interruptions*).

SHRI G. SWAMINATHAN: Yes, adjourn the House, Madam. (*Interruptions*).

SHRI AJIT P. K. JOGI (Madhya Pradesh): Adjourn the House Madam.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Okay The House stands adjourned till 11 a.m. on Tuesday, the 14th March 1995.

The House then adjourned at fortyseven minutes past five of the clock till eleven of the clock on Tuesday the 14th of March, 1995.